**प्री-बोर्ड परीक्षा मॉडल-पेपर :2025**

**कक्षा-10 विषय-हिन्दी**

**समय- 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक-70**

**निर्देश-**

**(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।**

**(ii) प्रश्नपत्र दो खण्ड (अ) तथा खण्ड (ब) में विभाजित है।**

**(iii) प्रश्नपत्र के खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय पश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके व्ण्डण्त्ण् शीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।**

**(vi) खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए (1) अंक निर्धारित है।**

**(v) OMR शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर एवं व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें।**

**(iv) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (खण्ड-अ) 20×1=20**

**प्रश्न 1.'मैला आँचल' किस विधा की रचना है?**

**(i) निबन्ध** **(ii) कहानी**

**(iii) उपन्यास** **(vi) नाटक**

**प्रश्न 2.'अनंत आकाश' के रचनाकार है-**

**(i) डॉ0 धर्मवीर भारती** **(ii) जयप्रकाश भारती**

**(iii) जयशंकर प्रसाद** **(vi) यशपाल**

**प्रश्न 3.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?**

**(i) 'गुनाहों के देवता' के रचनाकार मुंशी प्रेमचन्द हैं।**

**(ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आलोचना साहित्य के जनक माने जाते हैं।**

**(iii) 'गेहूँ और गुलाब' निबन्ध के लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी हैं।**

modelpaper.info

(vi) 'ईर्ष्या तू न गयी मेरे मन से' के लेखक जयप्रकाश भारती हैं।

प्रश्न 4.'प्रेमसागर' के रचनाकार कौन है?

(i) मथुरानाथ शुक्ल (ii) लल्लूलाल

(iii) सदल मिश्र (vi) इंशा अल्ला खाँ

प्रश्न 5.'जगनिक' रचनाकार हैं-

(i) परमाल रासो (ii) हमीर रासो

(iii) खुमाण रासो (vi) बीसलदेव रासो

प्रश्न 6.छायावाद युग की प्रमुख प्रवृत्तियां कौन-सी हैं?

(i) कुण्ठा और निराशा के स्वर

(ii) श्रृंगार और प्रेम-वेदना

(iii) नारी के प्रति परिवर्तित दृष्टिकोण

(vi) रीतिग्रन्थों का निर्माण

प्रश्न 7.निम्नलिखित में से शुक्ल युग के लेखक कौन हैं?

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल (ii) प्रतापनारायण मिश्र

(iii) किशोरीलाल (vi) श्यामसुन्दर दास

प्रश्न 8.'लहर' किस युग की रचना है?

(i) भारतेन्दु युग (ii) द्विवेदी युग

(iii) प्रगतिवादी युग (vi) छायावाद युग

प्रश्न 9.'दीपदान' किस विधा की रचना है?

(i) जीवनी (ii) आत्मकथा

(iii) रेखाचित्र (vi) एकांकी

प्रश्न 10.'भूषण' किस युग के कवि हैं?

(i) आधुनिक काल (ii) रीतिकाल

(iii) भक्तिकाल (vi) आदिकाल

modelpaper.info

**प्रश्न 11.नाना वाहन नाना वेषा, बिहसे सिव समाज निज देखा।**

**कोउ मुख हीन विपुल मुख काहू, बिनु पद-कर कोऊ बहु बाहू।।**

**उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा रस है?**

**(i) वीर रस (ii) करुण रस**

**(iii) शान्त रस (vi) हास्य रस**

**प्रश्न 12.'यहीं कहीं पर बिखर गयी वह, भग्य विजयमाला-सी।'**

**उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**

**(i) उपमा अलंकार (ii) रूपक अलंकार**

**(iii) उत्प्रेक्षा अलंकार (vi) श्लेष अलंकार**

**प्रश्न 13.रोला किस प्रकार का छन्द है?**

**(i) विषम मात्रिक (ii) अर्द्धसम मात्रिक**

**(iii) सममात्रिक (vi) इनमें से कोई नहीं**

**प्रश्न 14.'निर्जन' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है?**

**(i) नी (ii) नीर**

**(iii) नि (vi) निर्**

**प्रश्न 15.'धनुष' का पर्यायवाची है?**

**(i) अशिम (ii) कुलिस**

**(iii) कोदंड (vi) पवि**

**प्रश्न 16.'षड्दर्शन' में कौन-सा समास है?**

**(i) तत्पुरुष समास (ii) कर्मधारय समास**

**(iii) द्विगु समास (vi) द्वन्द्व समास**

**प्रश्न 17.'त्वाम्' शब्द का विभक्ति एवं वचन है-**

**(i) पंचमी विभक्ति, एकवचन (ii) षष्ठी विभक्ति, द्विवचन**

**(iii) तृतीया विभक्ति, बहुवचन (vi) द्वितीया विभक्ति, एकवचन**

modelpaper.info

प्रश्न 18.‘मैने दूध नहीं पिया।’ कैसा वाक्य है-

(i) इच्छावाचक (ii) प्रश्नवाचक

(iii) विधानवाचक (vi) निषेधवाचक

प्रश्न 19.‘मुझसे उठा नहीं जाता है।’ कौन सा वाच्य है?

(i) कŸ◌ार्◌ृवाच्य (ii) कर्मवाच्य

(iii) भाववाच्य (vi) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न 20.‘घोड़ा तेज दौड़ता है।’ रेखांकित पद का परिचय दीजिए-

(i) क्रिया विशेषण पद (ii) क्रिया पद

(iii) विशेषण पद (vi) संज्ञा पद

वर्णनात्मक प्रश्न (खण्ड-ब)

प्रश्न 21.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+2+2=6

हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं जिसे जो जिस रूप का चाहे उस रूप का करे, चाहे राक्षस बनावे, चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है जो हमसे अधिक दृढ संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर एक बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ करना और वुरा है जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई दबाव रहता है और न तो हमारे ऊपर कोई सहारा रहता है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) किस प्रकार के लोगों का साथ करना बुरा है?

अथवा

(ख) कितना जीवन बरस पड़ा है इन दीवारों पर, जैसे फसाने अजायब का भण्डार खुला पड़ा हो। कहानी से कहानी बनती अली गई है। बन्दरों की कहानी, हाथियों की कहानी, हिरनों की कहानी कहानी क्रूरता और भय की दया और त्याग की। जहाँ बेरहमी है वहीं दया का भी समुद्र उमड़ पड़ा है, जहाँ पाए है वहीं क्षमा का सोता टूट पड़ा है। राजा और बंगले, विलासी और भिक्षु, नर और नार्ग, मनुष्य और पशु सभी कलाकारों के हाथों सिरजते चले गए हैं।

modelpaper.info

हैवान की हैवानी को इन्सान की इन्सानियत से कैसे जीना जा सकता है, कोई अता में जाकर देखे।

(i) उपर्युक्त गद्यश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) गद्यशि के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) दीवारों पर बने चित्र किन-किन से सम्बन्धित है?

प्रश्न 22.निम्नांकित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+2+2=6

(क) निर्भय स्वागत करो मृत्यु का, मृत्यु एक है विश्राम स्थल।

जीव जहाँ से फिर चलता है, धारणकर नवजीवन संबल

मृत्यु एक सरिता है, जिसमें, श्रम से कातर जीव नहाकर

फिर नूतन धारण करता है, काया रूपी वस्त्र बहाकर

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) कवि मृत्यु का स्वागत किस प्रकार करने के लिए कह रहा है?

(iii) कवि ने मृत्यु की तुलना किससे की है?

अथवा

(ख) सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी है जानकी जानी भली।

तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें समुझाइ कछू मुसकाइ चली।

तुलसी तेहि औसर सोहं सबै अवलोकति लोचन-लाहु अली।

अनुराग-तड़ाग में भानु उदै विगसी मनो मंजुल कंज कली।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) ग्राम बधुओं ने सीताजी से क्या पूछा?

(iii) प्रस्तुत द्म पंक्तियों में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

प्रश्न 23.(क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी का अनुवाद अपने शब्दों में कीजिए- 1+3 =4

modelpaper.info

(i) एषा कर्मवीराणां संस्कृतिः। 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः' इति अस्याः उद्घोषः। पूर्व कर्म, तदनन्तरं फलम् इति अस्माकं संस्कृते नियमः इदानीं यदा वयं राष्ट्रस्य नवनिर्माणे संलग्नाः स्मः निरन्तरं कर्मकरणम् अस्माकं मुख्यं कर्त्तव्यम्। निजस्य श्रमस्य फलं भोग्यं, अन्यस्य श्रमस्य शोषणं सर्वथा वर्जनीयम्। यदि वयं विपरीतम् आचरामः तदा न वयं सत्यं भारतीय संस्कृतेः उपासकाः। वयं तदैव यथार्थं भारतीयाः यदा अस्माकम् आचारे विचारे च अस्माकं संस्कृतिः लक्षिता भवेत्।

अथवा

(ii) वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी इयं विमलसलिलतरङ्गायाः गङ्गायाः कूले स्थिता। अस्याः घट्टानां वलयाकृतिः पङ्क्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहुराजते अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्याः घट्टानाञ्च शोभां विलोक्य इमां बहुप्रशंसन्ति ।

प्रश्न 24.(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए- 1+3 = 4

(i) सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग् भवेत् ।।

अथवा

(ii) मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न सोचति।

कामं हित्वार्थवान् भवति लाभं हिल्ला सुखी भवेत् ।।

प्रश्न 25.अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए- 3

(क) 'ज्योति जवाहर' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

अथवा 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के नायक 'जवाहरलाल नेहरू' का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का सारांश लिखिए।

(ग) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के कथानक का सारांश लिखिए।

modelpaper.info

अथवा 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग (आयोजन) का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) 'मेवाड़-मुकुट' के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ङ) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाषचन्द्र बोस का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के पंचम षष्ठ सर्ग की कथा अपने शब्दों में संक्षेप में लिखिए।

(च) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा 'कर्मवीर भरत' का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(छ) 'तुमुल' खण्डकाव्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा 'तुमुल' खण्डकाव्य के प्रतिनायक मेघनाद का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ज) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक (चन्द्रशेखर आजाद) का चरित्र-चित्रण कीजिए।

अथवा 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर प्रथम सर्ग (संकल्प) का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(झ) 'कर्ण' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

अथवा 'कर्ण' खण्डकाव्य के नायक की दानवीरता का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26.(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए- 3+1 = 4

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) डॉ0. राजेन्द्र प्रसाद

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए- 3+1 = 4

(i) तुलसीदास (ii) रामनरेश त्रिपाठी (iii) श्याम नारायण पाण्डेय

प्रश्न 27. अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।

modelpaper.info

प्रश्न 28. नगर की खराब सड़को की मरम्मत हेतु मुख्य नगर अधिकारी को पत्र लिखिए।

2×2=4

अथवा

अपने मित्र को अपनी बहन के विवाह में आमंत्रण हेतु पत्र लिखिए।

प्रश्न 29. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए- 2+2= 4

(i) वाराणसी किमर्थं प्रसिद्धा?

(ii) अलक्षेन्द्रः कः आसीत्?

(iii) नागरिकः किमर्थं लज्जितः अभवत्?

(vi) चन्द्रशेखरः कः आसीत्?

प्रश्न 30.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 7

(i) कम्प्यूटर शिक्षा

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) विज्ञान अभिशाप या वरदान

(vi) परहित सरिस धर्म नहिं भाई

modelpaper.info